हनुमना तहसील कार्यालय में भ्रष्टाचार का बोलबाला

नवभारत न्यूज
हनुमना, 26 सितम्बर, हनुमना नगर के तहसील कार्यालय हनुमना इन दोनों भ्रष्टाचार की सभी सीमाएं पार कर चुका है.

जिसमें आवेदक करता राम भजन पाल गजानन पाल निवासी ग्राम धनुही के द्वारा बताया गया है कि तहसील हनुमना में तहसीलदार के द्वारा कराए जा रहे मनमानी काम जिसमें आवेदक के माता की किसान सम्मान निधि का पैसा ना आने के कारण वह तहसील हनुमना में गया तो तहसीलदार के रीडर द्वारा बताया गया कि विकास तिवारी के पास चले जाओ चेक करवा लो तो मैं स्वयं विकास तिवारी के पास गया. लेकिन विकास तिवारी द्वारा बताया गया की 500 दे जाओ और आधार कार्ड की कॉपी और सोमवार को आना. मैं बोला कि मेरे पास पैसा नहीं है तो कहा गया कि काम नही होगा. राम भजन पाल द्वारा बताया गया कि ग्राम लोड़ी की भूमि खसरा नंबर 453/4 रकवा 11.736 व ख. नंबर 453/6/2 रकवा 4.452, व .ख .नं.453/4 रकवा 4.047है जिसमें खदान पत्थर संपूर्ण रकवे में दर्ज है जो 12 नंबर कलम में वर्ष 2024-25 में तथा वर्ष 2025-26 में तहसीलदार द्वारा आदेश दिया गया खसरे में नाम सुधार करने का तो तहसीलदार की आईडी से खसरे में दर्ज खदान पत्थर फर्जी प्रकरण कमाक डाल कर हटा दिया गया है जिसका प्रकरण क्रमांक 0078/अ -74 /2025-26 पूर्व तहसीलदार के ट्रांसफर हो जाने के बाद नए तहसीलदार की पदस्थापना हो जाने के बाद तहसीलदार की आईडी विकास तिवारी द्वारा संचालित की जाती है और अपने मर्जी से तहसील के खसरा में अवैधानिक रूप से पैसे लेकर खसरा सुधार परिवर्तन कर दिया जाता है जिससे किसान परेशान होते हैं जो एक प्राइवेट व्यक्ति जिनका काम तहसील के नेटवर्क की व्यवस्था बनाए रखना होता है लेकिन ऐसा न होकर तहसीलदार की जानकारी या बिना जानकारी में खसरे में परिवर्तन कर रहे हैं और मनमानी तरीके से किस हितग्राहियों से पैसे लूट रहे हैं.

लोक कल्याण शिविर में वितरित की गईं ट्राईसाइकिल तथा अन्य उपकरण

सेवा पखवाड़ा में आयोजित शिविर में प्राप्त हुए 150 आवेदन पत्र, लगाई गई पोषण प्रदर्शनी

नवभारत न्यूज
मऊगंज, 26 सितम्बर, जिले के रमनगरी पंचायत अंतर्गत ग्राम गड़रा में लोक कल्याण शिविर का आयोजन किया गया. लोक कल्याण शिविर में दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल सहित अन्य उपकरणों का वितरण किया गया. दिव्यांगों को जैसे ही ट्राईसाइकिल और अन्य उपकरण मिले तो उनके चेहरे खुशी से खिल उठे.

शिविर में कुल विभिन्न विभागों से संबंधित 150 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 30 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया. शेष आवेदनों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के लिए प्रेषित किया गया. लोक कल्याण शिविर में पात्र हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं का लाभ देने के लिए राजस्व विभाग, ट्राईबल, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, सामाजिक न्याय, पुलिस, सहकारिता, शिक्षा, विद्युत, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य विभाग तथा लोकसेवा केन्द्र द्वारा स्टाल लगाए गए. शिविर में मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल उपस्थित रहे. विधायक श्री पटेल ने कहा कि शासन द्वारा आमजनों के हित के लिए अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं. आमजन इनका लाभ इन शिविरों के माध्यम से प्राप्त करें. उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर लोक कल्याण शिविर के आयोजन से ग्रामीणों को आसानी से विभिन्न योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर प्राप्त हो जाता है. कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कहा कि स्वच्छता की गतिविधियों के साथ ही स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है. इसी क्रम में शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने के उद्देश्य से लोक कल्याण शिविर आयोजित किया गया है. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित विभागीय योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक अनिवार्य रूप से पहुंचाना सुनिश्चित करें तथा नियत समय पर इनका लाभ हितग्राहियों को दें.

उन्होंने शिविर का निरीक्षण कर विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया. महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कार्यक्रम स्थल में पोषण व्यंजन प्रदर्शनी लगाई गई. शिविर में पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, एसडीएम हनुमना रश्मि चतुर्वेदी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे.

गौ-सेवकों ने कीचड़ में उतर कर किया जख्मी गौवंश का रेस्क्यू

नवभारत न्यूज
मऊगंज, 26 सितम्बर, मऊगंज जिले की ग्राम पंचायत गौरी का मामला है. जहाँ अज्ञात असामाजिक व्यक्तियों द्वारा एक निराश्रित गौवंश को जान से मारने के इरादे से गौवंश के मुह को रस्सी एवं तार से बांध कर मरने के लिए छोंड़ दिया गया था.

इंसानी क्रूरता का शिकार हुए इस गौवंश के संबंध मे ग्रामीणो द्वारा गौसेवक अनूप पाण्डेय को सूचना उपलब्ध कराई गई. गौसेवक अनूप पाण्डेय द्वारा अपने अन्य गौसेवक मित्रों के साथ अविलंब उपरोक्त घटनाक्रम को संज्ञान मे लेते हुए गौवंश के रेस्क्यू का कार्य प्रारंभ किया गया. निराश्रित गौवंश होने के कारण इनका निश्चित ठिकाना नही होता इसलिए रेस्क्यू मे अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा परन्तु गौ-सैवको ने हिम्मत नहीं हारी और रात्रि मे कीचड़ से भरी जगह मे कीचड़ मे उतर कर गौवंश के मुह मे बंधी रस्सी एवं तार को निकाला गया तथा प्रारंभिक चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई. गौसेवक शियांशू पटेल, सुनील पाण्डेय, प्रांशू पटेल, गणपति कुशवाहा, सोनू पटेल, संदीप सोनी, रियांशू पटेल, देवेंद्र पटेल, राजेश सेन एवं रमेश इटहा के सहयोग से उपरोक्त कार्य को पूरा किया गया.

सेवानिवृत्त कमला प्रसाद मिश्रा का निधन

नवभारत न्यूज
मऊगंज, 26 सितम्बर, ग्राम पन्नी खर्रा टोला निवासी सेवानिवृत्त राजस्व अधिकारी और वरिष्ठ समाजसेवी कमला प्रसाद मिश्रा का निधन हो गया.

78 वर्षीय श्री मिश्र पिछले 1 माह से अस्वस्थ्य चल रहे है. अपने पीछे 2 पुत्रियों 3 बेटों सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर चले गए. श्री मिश्र सेवानिवृत्ति के बाद लगातार समाजसेवा के कार्यो में लगे रहते थे, बेहद मिलनसार व्यक्ति थे. श्री मिश्र के निधन की खबर सुनते ही उनके गांव और क्षेत्र से संवेदना व्यक्त करने वालो का तांता लगा रहा. अंतिम संस्कार में वरिष्ठ भाजपा नेता डा. एस एस तिवारी सहित क्षेत्रीय जनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी.

हनुमना में मनाई गई पं . दीनदयाल उपाध्याय की जयंती और प्रवेशोत्सव

नवभारत न्यूज
हनुमना, 26 सितम्बर, जन अभियान परिषद द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती समारोह कार्यक्रम मनाया गया.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद हनुमना अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता रहे साथ ही सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अजय पटेल, प्रबंधक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन राजकिशोर तिवारी एवं परिषद के विकासखण्ड समन्वयक डॉ रामानंद पटेल उपस्थित रहे. स्वागत समारोह में मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष हनुमना सोनूआशुतोष (सोनू) गुप्ता का स्वागत परामर्शदाता नागेंद्र मिश्रा द्वारा माल्यार्पण कर किया गया. स्वागत पश्चात कार्यक्रम की उपादेयता पर परामर्शदाता भास्कर दत्त मिश्र द्वारा प्रकाश डाला गया एवं ब्लॉक समन्वयक आदरणीय डॉ रामानंद द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम पर विस्तृत जानकारी दी गई.

कार्यक्रम मे उपस्थित विशिष्ट अतिथि अजय पटेल एवं राजकिशोर तिवारी द्वारा सरकार द्वारा चलाई गई कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया. कार्यक्रम के अध्यक्ष द्वारा अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रम को वास्तविक स्तर पर चलाने एवं अमल करने पर जोर दिया गया.

कार्यक्रम के सफलता पूर्वक आयोजन में स्नातक एवं परास्नातक कोर्स के छात्र छात्राओं की सहभागिता काफी सराहनीय रही. उपस्थित विशिष्ट अतिथियों का आभार प्रदर्शन परामर्शदाता खुशबु सोनी ने किया.

खराब मौसम के बाद भी देवी जागरण में डटे रहे श्रोता

नवभारत न्यूज
हनुमना, 26 सितम्बर, महाकाली सेवा समिति हनुमना द्वारा पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह के मुख्य आतिथ्य तथा यूथ कांग्रेस के जिला महासचिव नीलेश केशरी की अध्यक्षता में आयोजित भगवती जागरण में खराब मौसम के बावजूद देर रात तक आस्था के जन सैलाब में श्रद्धालु डुबकियां लगाते रहे.

वही मुख्य अतिथि श्री सिंह ने हनुमना नगर में वर्षों से चली आ रही रामलीला मंचन नवरात्रि व दशहरा महोत्सव एवं दुर्गा उत्सव की सराहना करते हुए कहा कि निश्चित ही प्रभु चौरसिया जैसे जागरण पार्टी के कलाकारों द्वारा दी जाने वाली प्रस्तुतियों के चलते ही श्रद्धालुओं की श्रद्धा दोगुनी हो जाती है. उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों की श्रद्धा व आस्था की प्रशंसा करते हुए कहा कि हनुमना के हनुमान जी महाराज हाटा के हाटेश्वरनाथ तथा माता रानी की कृपा समूचे क्षेत्र तथा आप सभी पर बनी रहे यह क्षेत्र उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर पर बढ़ता रहे यही प्रार्थना है आने वाले समय में यह कार्यक्रम और भी भव्य दिव्य रूप से मनाया जाए. कार्यक्रम की अध्यक्षता यूथ कांग्रेस के जिला महासचिव निलेश केसरी उर्फ बच्चा भैया ने सभी को नवरात्रि रामलीला एवं दशहरा महोत्सव की बधाई दी.

मऊगंज में अब तक 1485 मिली मीटर वर्षा

मऊगंज, 26 सितम्बर, मऊगंज जिले में एक जून से अब तक 1485 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है. इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि एक जून से अब तक तहसील मऊगंज में 1330.8 मिलीमीटर, हनुमना में 1704.4 मिलीमीटर तथा नईगढ़ी में 1419.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है. जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 1011.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी. जिले की औसत वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है.

चाकघाट में प्रारंभ हुई मनमोहक रामलीला, दूरदराज से पहुंच रहे लोग

नवभारत न्यूज
चाकघाट, 26 सितम्बर, मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश की सीमावर्ती नगर चाकघाट में संपन्न होने वाली रामलीला का शुभारंभ हो चुका है. रामलीला का उद्घाटन मुकुट पूजा के साथ हुआ.

त्योंथर क्षेत्र के पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष अलख नारायण केसरवानी, भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रशांत पाठक, रामलीला कमेटी के संरक्षक राम लखन गुप्त पत्रकार, उमाशंकर केसरवानी, हनुमान प्रसाद केसरवानी, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक केसरवानी आदि की उपस्थिति में वैदिक रीति से परंपरागत श्री रामलीला प्रारंभ हेतु मुकुट पूजन कार्य सम्पन्न हुआ. चाकघाट में रामलीला का इतिहास भारत की आजादी के साथ जुडा हुआ है ,जो निरंतर चल रहा है. यहां के अस्थाई एवं भव्य रूप से बने मंच से देश एवं प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं,मंत्रियों एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े महान लोगों के द्वारा विभिन्न सभाओं को संबोधित भी किया जाता रहा है. इस वर्ष रामलीला कमेटी व्यापक रूप से नगर में दशहरा उत्सव एवं रामलीला का आयोजन कर रहा है. जिसमें क्षेत्रीय एवं बाहर से आए कलाकारों द्वारा अभिनय किया जा रहा है. इस मंच से अब तक की रामलीला में नारद मोह, राम जन्म, ताड़का वध, फुलवारी, धनुष यज्ञ,राम विवाह आदि का मंचीय प्रदर्शन हो चुका है. आगे की रामलीला और भी मनमोहन होती जा रही है. रामलीला एवं धर्मदा कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक केशरवानी बुलट, उपाध्यक्ष लाल जी केसरवानी, राजेश फाइनेंसर, मुकेश गुप्ता, जितेंद्र केसरवानी, अजय कुमार गुप्ता, रवि केसरवानी, मनोज सोनी, अतुल केसरवानी, दिनकर सिंह, राकेश केसरवानी, मनोज गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता, राहुल केसरवानी, धीरज केसरवानी, कोषाध्यक्ष लालमन केसरवानी, महामंत्री रजनीश केसरवानी, उप मंत्री पुष्पराज केसरवानी, मिथिलेश सिंह, संदीप सोनी, सतीश केसरवानी, अखिलेश केसरवानी, मानिकचंद केसरवानी, अशोक कुमार गुप्ता, दीपक अरोरा, संदीप गुप्ता, त्रिवेणी प्रसाद केसरवानी, कृष्ण कुमार केसरवानी, मनीष केसरवानी मौजूद रहे.

चाकघाट में रामलीला का मंचन करते कलाकार

दुर्गा पंडाल में लग रहा भक्तों का तांता

नवभारत न्यूज
हनुमना, 26 सितम्बर, तहसील के पूर्वी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मझिगवां स्थित गणेश धाम में इस वर्ष भी परंपरा के अनुसार भव्य रूप से मातारानी का पंडाल सजाया गया है.

नवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर ग्रामवासियों और श्रद्धालुओं ने मिलकर इस आयोजन को विशेष आकर्षण का केंद्र बनाया है. रंग-बिरंगी लाइटिंग, फूलों की सजावट और सुंदर झांकियों से सजे पंडाल में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है. पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है. माता रानी के जयकारों से गांव की गलियां गूंज उठी हैं. आयोजक समिति के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है. ग्रामीणों का कहना है कि गणेश धाम मझिगवां में लगने वाला यह मातारानी का पंडाल पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध है और श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है.

आतिशबाजी लाइसेंसधारियों को दुकान लगाने के लिए स्थल का चयन करें : संजय कुमार

नवभारत न्यूज
मऊगंज, 26 सितम्बर, दीपावली के अवसर पर अस्थाई आतिशबाजी लायसेंसधारियों द्वारा आतिशबाजी सामग्री के विक्रय के लिए निर्धारित स्थलों पर दुकानें लगाई जाती हैं. कलेक्टर संजय कुमार जैन ने सभी एसडीएम, एसडीओपी और सीएमओ को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं.

कलेक्टर ने कहा है कि अस्थाई आतिशबाजी लायसेंसधारियों द्वारा आतिशबाजी सामग्री के विक्रय के लिए शासकीय भूमि का खसरा, नक्शा चयन कर जाँच प्रतिवेदन अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ अविलंब उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें. कलेक्टर ने अधिकारियों को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में हनुमना, मऊगंज, नईगढ़ी, देवतालाब, पहाड़ी, खटखरी तथा सीतापुर सहित अन्य ग्रामों की शासकीय भूमि का चयन अस्थाई आतिशबाजी लायसेंसधारियों द्वारा आतिशबाजी सामग्री के विक्रय के लिए करने के निर्देश दिए हैं.

मुख्यमंत्री वृंदावन योजना के लिए जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति गठित

नवभारत न्यूज
मऊगंज, 26 सितम्बर, मऊगंज जिले में मुख्यमंत्री वृंदावन योजना के तहत जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति गठित की गई है. प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में गठित समिति के सदस्य सचिव सीईओ जिला पंचायत होंगे.

समिति में सदस्य के तौर पर कलेक्टर, डीएफओ सहित विद्युत मण्डल, स्वास्थ्य, खाद्य एवं आपूर्ति, महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा, सर्व शिक्षा अभियान, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन, अक्षय ऊर्जा, सामाजिक न्याय, पशुपालन, हथकरघा एवं ग्रामोद्योग, कृषि, डेयरी विकास, उद्यानिकी, डेयरी फेडरेशन, भू अभिलेख सांस्कृतिक एवं पर्यटन संवर्धन, एसआरएलएम, मनरेगा, पीएम पोषण शक्ति/आवास एवं स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारियों व प्रभारी अधिकारियों को शामिल किया गया है. कलेक्टर संजय कुमार जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के तहत चयनित ग्राम पंचायत को स्वच्छता और हरियाली के साथ-साथ गौ सेवा और आध्यात्मिक, आर्थिक, आत्मनिर्भरता का प्रत्यक्ष दृष्टिगोचर होकर वृंदावन के रूप में विकसित किया जाएगा. कलेक्टर ने बताया कि गठित समिति प्रति तीन माह में बैठक कर वृंदावन ग्राम योजना के विकास हेतु तैयार परियोजना के क्रियान्वयन के कार्यों का अनुश्रवण सुनिश्चित करेगी.

जिले में अब तक 791 .4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

नवभारत न्यूज
रीवा, 26 सितम्बर, जिले में एक जून से अब तक 791.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है.

इस संबंध में अधीक्षक भू-अभिलेख महेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि एक जून से अब तक तहसील हुजूर में 1149.6 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 801 मिलीमीटर, गुढ़ में 1182 मिलीमीटर, सिरमौर में 661.8 मिलीमीटर, त्योंथर में 602 मिलीमीटर, सेमरिया में 713 मिलीमीटर, मनगवां में 718 मिलीमीटर तथा जवा में 503 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई. गतवर्ष इसी अवधि में 592.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी. जिले की औसत वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है.

टीएल बैठक 29 को 4 बजे से

रीवा, 26 सितम्बर, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में टीएल बैठक 29 सितम्बर को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित की गई है. बैठक में सीएम हेल्पलाइन व समय सीमा के प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी.

बैठक में आरसीएमएस के प्रकरणों की भी समीक्षा होगी. इस अवसर पर एसडीएम, तहसीलदार व विभागीय जिलाधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं.

सीएम से मिलकर सिद्धार्थ ने जताया आभार

नवभारत न्यूज
चाकघाट, 26 सितम्बर, भाजपा विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भोपाल में मुलाकात की. राजनीतिक हलके में यह भेंट काफी अहम मानी जा रही है.

बताया गया है कि सिद्धार्थ तिवारी शुक्रवार दोपहर दिल्ली से भोपाल आए जहां वो सीधे सीएम हाउस पहुंचे व मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मिले. विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने इसे औपचारिक मुलाकात बताते हुए कहा है हाल ही में उनके विधानसभा क्षेत्र में हुई आमसभा में शिरकत कर त्योंथर को करोड़ों की सौगात देने पर प्रदेश के मुखिया अपने मुख्यमंत्री मोहन यादव का आभार जताने आया था.

हालांकि सभा के बाद से सिद्धार्थ तिवारी चर्चा में हैं. त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के लिये जो सौगात मिली है उसके लिये जनता भी आभारी है.

मऊगंज में सेवा पखवाड़ा

गर्भवती महिलाओं को पोषण थाली का बताया गया महत्व

नवभारत न्यूज
मऊगंज, 26 सितम्बर, सेवा पखवाड़ा के तहत मऊगंज जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण के महत्व के संबंध में महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है.

इसी कड़ी में आंगनवाड़ी केन्द्र सलैया रूस्तम सेक्टर पन्नी में गर्भवती महिलाओं को पोषण थाली के महत्व की जानकारी दी गई. इस दौरान महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. चिकित्सक दल द्वारा महिलाओं के ब्लडप्रेशर और हीमोग्लोविन की जाँच कर आयरन की गोलियों का वितरण किया गया और महिलाओं को स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी भी दी गई.